केन्द्रीय सूचना आयोग

द्वितय तल, अगस्त क्रांति भवन

भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066.

******

दिनांक: 11.04.2016

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2016/18

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2016/00018

CICOM/R/2014/01180

अपीलकर्ता : श्री जी.एस.गुप्ता,

विज्ञान निवास,

80/39, पटेल मार्ग,

मानसरोवर, जयपुर – 302020.

निर्णय की तारीख : 11.04.2016

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 23.11.2015 |
| आर.टी.आई. आवेदन के प्रतिउत्तर की तिथि | 23.12.2015 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री योगेश कुमार सिंहल, संयुक्त सचिव व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 24.12.2015, 25.01.2016 |
| आयोग में प्रथम अपील का डायरी सं. व तिथि | 186337/31.12.2015, 109406/29.01.2016 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 1/01.01.2016, 49/01.02.2016 |

1. अपीलकर्ता ने आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से आयकर विभाग द्वारा उन अधिकारियों की सूची उपलब्ध नहीं करवाने के संबंध में जानकारी मांगी थी, जिनपर सी.बी.आई. के छापे पड़े तथा टी.वी. चैनलों तथा अखवारों में प्रकाशित भी हुए, जिसके प्रतिउत्तर में श्री योगेश कुमार सिंहल, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना कि " सूचना अधिकार अधिनियम, 2005" "सूचना का अधिकार नियम, 2012" का अवलोकन करें, से व्यथित होकर अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. संबंधित संचिका का अवलोकन करने पर पाया गया श्री योगेश कुमार सिंहल, संयुक्त सचिव व केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान की गई सूचना बिल्कुल सही है तथा अधोहस्ताक्षरी इससे पूर्णत: सहमत हैं ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील, यदि कोई हो, आदेश प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, 'सी' विंग, अगस्त क्रांति भवन, भिकाज़ी कामा प्लेस, नई दिल्ली – 110066 में की जा सकती है ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
13 APR 2016
Initials.........

C. I. C./के० सू० आ०
ISSUED
13 APR
D. No.........
Initials.........

---2/-

अधोहस्ताक्षरी (प्रथम अपीलीय अधिकारी) के पास कार्य की अधिकता एवं हिंदी टंकण जानने वाले कार्मिक की अनुपलब्धता के कारण अपील के निपटान में हुई देरी के लिए खेद है ।

अचला सिन्हा

(अचला सिन्हा)

अपर सचिव एवं

प्रथम अपीलीय अधिकारी

प्रतिलिपि :

1. जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

17/4/16